## खबर संक्षेप

### हिन्दी साहित्य सृजन संघ की मासिक काव्य गोष्ठी 26 को

**सागर।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था हिन्दी साहित्य सृजन संघ द्वारा मासिक काव्य गोष्ठी की शुरुआत 26 अप्रैल रविवार को अपरान्ह 4.30 बजे से मेडिकल कॉलेज के सामने अशोक विहार कालोनी में स्थित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सभागार में की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष सुनीला सराफ और सचिव डॉ प्रदीप पांडेय ने बताया कि काव्य गोष्ठी की श्रृंखला के प्रथम आयोजन में मात्र राष्ट्र प्रेम पर आधारित कविताओं का ही वाचन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी प्रबुद्ध जनों व रचनाकारों से उपस्थिति का अनुरोध आयोजक संस्था द्वारा किया गया है।

### युवा संगम का आयोजन 27 अप्रैल को

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन मे जिला प्रशासन द्वारा युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 27 अप्रैल को को प्रातः 11 बजे से शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आईद्ध सागर के परिसर में किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदको कों साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन,संमग्र आई डी, दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा।

### एसडीएम ने किया बंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर एसडीएम बण्डा आरती यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंडा का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाएं देख, स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे व्यक्तियों एवं उनके परिजनों से जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम बण्डा आरती यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रशव वार्ड, लेवर रूम, जनरल ओपीडी, स्टोर रूम, आपातकालीन वार्ड, नर्सिंग रूम, डॉक्टर ड्यूटी रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें इसके लिए दवाओं का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित किया जावे। इसी प्रकार ऑक्सीजन सहित अन्य सर्जिकल संसाधन भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि अस्पताल के अंदर एवं अस्पताल परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं सफाई कर्मियों की रोस्टर के हिसाब से 24 घंटे ड्यूटी सुनिश्चित की जावे जिससे कि अस्पताल परिसर स्वच्छ एवं साफ रहे। उन्होंने पेयजल के लिए लगाए गए वाटर कूलर की भी समय-समय पर सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में एंबुलेंस 24 घंटे उपलब्ध रहे एवं कॉल आने पर तत्काल उसको रवाना किया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर के मुख्य गेट पर डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ एवं पैथोलॉजिस्ट के नाम, मोबाइल नंबर एवं उनकी ड्यूटी समय का चार्ट चस्पा किया जावे जिससे कि किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े और आसानी से उसका स्वास्थ्य परीक्षण हो सके।

शोक के क्षणों में भी परिवार ने निभाया माता का 'महादान' का संकल्प

# मानवता की सर्वोच्च सेवा सुगंधी बाई ने मरणोपरांत बीएमसी सागर में किया नेत्रदान और देहदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मोतीनगर क्षेत्र की निवासी 72 वर्षीया सुगंधी बाई जैन के निधन ने पूरे शहर को शोकाकुल कर दिया, किंतु उनके पीछे छूटे पदचिन्हों ने मानवता को एक नई राह दिखाई है। भाग्योदय अस्पताल में उपचार के दौरान अंतिम सांस लेने वाली सुगंधी बाई ने अपनी मृत्यु के पश्चात न केवल दो लोगों की दुनिया रोशन की, बल्कि चिकित्सा विज्ञान के शोध हेतु अपनी देह भी समर्पित कर दी। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय सुगंधी बाई जैन ने अपने जीवनकाल में ही मृत्युपरांत अपनी देहदान करने की इच्छा अपने पड़ौसी श्रमदान अंगदान देहदान संस्थान के संयोजक मुकेश कुमार गुप्ता से व्यक्त की थी जिस पर उन्होंने उनके परिवारजनों की सहमति से संकल्प पत्र जमा करवाने का आश्वासन दिया था। दुर्योग से कुछ दिन बाद ही उनके सुपुत्र एडवोकेट निशांत जैन का एक वाहन दुर्घटना में घायल हो गए जिसकी मानसिक वेदना में सुगंधी बाई ब्रेन हैमरेज का शिकार हो गईं। उनका भाग्योदय तीर्थ



अस्पताल में इलाज चल रहा था और इसी दौरान उनका निधन हो गया।

### दो अंधियारी जिंदगियों में किया उजियारा

अपनी माता की अंतिम इच्छा का मान रखते हुए पुत्र नितिन जैन, निशांत जैन और पुत्री नेहा जैन, दामाद सुरेन्द्र जैन, देवर चक्रेश सिंघई ने तत्काल आई बैंक से संपर्क किया। बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय की टीम ने सफलता पूर्वक कोर्निया संरक्षित किया। नेत्रदान के पश्चात, परिजनों ने दिवंगत सुगंधी बाई के पार्थिव शरीर को बीएमसी के एनाटॉमी विभाग को सौंप दिया। यह चिकित्सा छात्रों के प्रशिक्षण के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

### गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मान

मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि शासन के विशेष प्रोटोकॉल के तहत, इस महान त्याग के लिए उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यह बीएमसी सागर में इस श्रेणी का छठा देहदान है। अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर ने कहा कि शोक की इस घड़ी में जैन परिवार का यह निर्णय अनुकरणीय है। देहदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि एक मृत शरीर भविष्य के कई डॉक्टरों को जीवन बचाने की शिक्षा देता है। पूरा महाविद्यालय परिवार इस पुण्य कार्य के लिए सदैव आभारी रहेगा।

### चिकित्सा टीम का योगदान

इस पूरी प्रक्रिया को आई बैंक इंचार्ज डॉ. सारिका चौहान, डॉ. रोशी जैन, डॉ. आयुषी मोदी और उनकी समर्पित टीम ने अत्यंत संवेदनशीलता के साथ संपन्न कराया। अस्पताल प्रशासन ने परिजनों की इस पहल को समाज के लिए एक प्रेरणापुंज बताया है।



### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गुरुवार को प्रस्तावित नरयावली के कार्यक्रम स्थल का कमिश्नर अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला ने कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक सचिंद्रनाथ चौहान, एसडीएम अमन मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समय सीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि हेलीपैड स्थल सहित अन्य कार्यक्रम स्थलों का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए तथा आगंतुकों के लिए समुचित आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही पेयजल, विद्युत, छायादार स्थान एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग, यातायात नियंत्रण तथा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं। साथ ही सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें।पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला ने सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए।



## भजन ही जीवन का सार है: श्री 108 श्री किशोर दास देव जू महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

श्री सिद्ध बालाजी मंदिर गढ़ाकोटा में श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं भक्तमाल कथा का आरंभ किया गया। शोभायात्रा बालाजी मंदिर से आरम्भ होकर ढोल नगाड़े, डी जे वाले एवं श्री राम दरबार सहित अन्य झाकियों के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर निकली। शोभायात्रा में प्रमुखों रूप से परम पूज्य श्री श्री 108 श्री किशोर दास देव जू महराज श्री गोरेलाल कुंज श्री धाम वृंदावन, महंत श्री श्रीराम बोहरे जी स्वामन शालिग्राम मंदिर श्री धाम वृंदावन, श्री बृजेश जी महराज श्री साकेत गोशाला मगरोंन शामिल रहे एवं प्रथम दिवस कथा का भी आरंभ हुआ जिसमें आध्यात्मिक वातावरण में डूबी भक्ति रस की धारा के बीच संत प्रवचन करते हुए श्री 108 श्री किशोर दास देव जू महाराज ने कहा कि "भजन ही जीवन का वास्तविक सार है। भजन के बिना जीवन अधूरा और दिशाहीन हो जाता है।" उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे दौड़ते हुए अपने आत्मिक सुख को भूल गया है, जबकि सच्ची शांति और आनंद केवल प्रभु भक्ति में ही निहित है।

महाराज श्री ने कहा कि भजन करने से मन शुद्ध होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि दिनचर्या में कुछ समय भगवान के नाम स्मरण और भजन के लिए अवश्य निकालना चाहिए, जिससे जीवन में संतुलन बना रहता है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से भजनों का आनंद लिया। वातावरण भक्तिमय हो गया जब सभी श्रद्धालु एक स्वर में प्रभु नाम का कीर्तन करने लगे। अंत में आशीर्वचन देते हुए महाराज श्री ने सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।

## सागर में आक्रोश रैली व पदयात्रा निकालेगी भारतीय जनता पार्टी: अश्विनी परांजपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर





कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दल हमेशा से महिलाओं को अधिकार देने के पक्ष में नहीं थे। 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को लेकर लोकसभा में जो घटनाक्रम हुआ वह सिर्फ एक संसदीय परंपरा नहीं बल्कि देश की आधी आबादी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय था। राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी मानसिकता महिला विरोधी है। 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक का लोकसभा में पारित न हो पाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह विधेयक देश की माताओं-बहनों को सशक्त बनाने, उन्हें निर्णय प्रक्रिया में उचित भागीदारी दिलाने तथा नए भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल थी यह बात महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे सागर में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कही। पत्रकार वार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन एवं आभार जिला सह मीडिया प्रभारी आलोक केसरवानी ने व्यक्त किया।

पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी महापौर संगीता तिवारी, पूर्व विधायक सुधा जैन, पारुल साहू महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री ज्योति सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष संध्या भार्गव, इंदु चौधरी, प्रतिभा तिवारी मंचासीन रहीं।

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने अपनी संकीर्ण राजनीति और स्वार्थ के चलते इस महत्त्वपूर्ण विधेयक को गिराने का काम किया, जो स्पष्ट रूप से उनके महिला विरोधी चरित्र को उजागर करता है। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस ने महिलाओं को अधिकार नहीं मिलने दिया। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के समय भी इसको लेकर प्रयास किए गए, तब भी कांग्रेस और विपक्षी दलों ने अड़ंगा लगा दिया था। कांग्रेस के शासनकाल में तो महिला आरक्षण को लेकर कोई प्रयास ही नहीं किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार योजनाएं बनाकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए सरकार सदैव नारी सम्मान, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को उसका पूर्ण अधिकार दिलाने के लिए भाजपा सरकारें संकल्पित हैं।

उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं 70 साल से अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रही हैं। संसद और राज्यों की विधानाभाओं में देश की आधी आबादी को 33 प्रतिशत आरक्षण उनका अधिकार है। आजादी के बाद करीब 50 सालों तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को कभी उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रयास नहीं किया।



## वरिष्ठ कांग्रेसी मदन सोनी का निधन, कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि देकर दी अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

लगभग 40 वर्षों लगातार कांग्रेस को अपनी सेवा दे रहे गांधी चौक वार्ड निवासी मदन सोनी का ह्रदयाघात से निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में सागर जिले के कांग्रेसी और सामाजिक संगठनों से जुड़े जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उनका अंतिम संस्कार भोपाल रोड स्थित नरयावली नाका मुक्ति धाम में किया गया। जहां अंतिम संस्कार उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि मदन सोनी का असमय जाना मेरी और मेरे परिवार की व्यक्तिगत क्षति हुई है उन्होंने मेरे पिताजी के साथ भी कांग्रेस परिवार की सेवा की और मुझे भी कार्य में बहुत सहयोग प्रदान करते रहते थे। पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने स्व. मदन सोनी को श्रद्धांजलि देते हुवे कहा कि जीवन कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने और सोनी समाज के उत्थान में समर्पित कर दिया। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि पार्टी ने एक स्पष्टवादी और बेबाक नेता खो दिया। वरिष्ठ कांग्रेसी जगदीश यादव ने स्व.सोनी को स्मरण करते हुए कहा कि शहर कांग्रेस का एक मजबूत स्तंभ इस दुनिया से चला गया है और उनके स्थान की पूर्ति संभव नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि स्व.मदन सोनी का व्यक्तित्व बहुआयामी था,और वे जरूरतमंदों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा तैयार रहते थे।

शहर सेवादल परिवार की तरफ से अध्यक्ष सिंटू कटारे के नेतृत्व में गाड आफ आनर देकर स्व. मदन सोनी को अंतिम विदाई दी गई।

अंतिम यात्रा में वरिष्ठ कांग्रेसी पुरूषोत्तम मुन्ना चौबे, विजय साहू, पप्पू गुप्ता, एड.अंकलेश्वर दुबे, शरद पुरोहित, राकेश राय, रामकुमार पचौरी, मुकुल पुरोहित, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, राजा सेन, लक्ष्मीनारायण सोनकिया, मनोज पंवार, जयराम खटीक, राशिद खान, नीरज चौरसिया, संजय रैकवार, श्रीदास रैकवार, रवि सोनी, कमलेश सोनी आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



स्वच्छ शहर का शंखनाद करते हुए सफाई मित्रों व शहरवासियों संग किया संवाद

# आपके प्रयास व आगामी समय से तय होगी शहर की पहचान : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया एवं सफाई मित्रों के साथ विश्राम गृह परिसर में सुबह संबाद करके इस अभियान की शुरुआत कर दी है। विश्राम गृह परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रोत्रिय ने सफाई कर्मियों के साथ शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया, साथ ही नागरिकों से सहयोग की अपील भी की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण केवल सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए अपने शहर के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर है।



### नगर पालिका की अपील, करें कचरा प्रबंधन नियमों का पालन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि नगर पालिका द्वारा स्वच्छता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन नागरिकों के सहयोग के बिना कोई भी व्यवस्था पूरी तरह सफल नहीं हो सकती। उन्होंने शहरवासियों से कचरा प्रबंधन के नियमों का पालन करने, प्लास्टिक उपयोग कम करने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुये कलेक्टर श्रोत्रिय व सीएमओ भदौरिया ने स्पष्ट संदेश दिया कि स्वच्छ टीकमगढ़ का सपना तभी साकार होगा, जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी को समझे और निभाए।

### स्वयं की आदतों में बदलाव से ही बदलेगा शहर

कलेक्टर श्रोत्रिय ने नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छ शहर केवल सफाई कर्मियों के प्रयास से नहीं बनता, बल्कि हर ब्यक्ति द्वारा स्वच्छता को लेकर अपनाये जा रहे व्यवहार से बनता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि छोटी-छोटी आदतों को निजी तौर पर बदलने से ही बड़ा परिवर्तन संभव है। जैसे कि कचरा सड़कों, नालियों, खाली प्लॉट या सार्वजनिक स्थानों पर बिल्कुल न फेंकें। हमेशा निर्धारित डस्टबिन और कलेक्शन पॉइंट का ही उपयोग करें। घर से निकलने वाला कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय सही समय पर सफाई वाहन को ही दें। गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखें। यह छोटी आदतें ही बड़े बदलाव की शुरुआत होती है। इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकता दिखे, तो विनम्रता से उसे मना करें, अपने बच्चों और परिवार को सिखाएं कि स्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि संस्कार है। दुकानदार और व्यापारी अपनी जिम्मेदारी निभाए। प्लास्टिक और सिंगल-यूज़ वस्तुओं का उपयोग कम करें। अपने मोहल्ले या कॉलोनी में छोटे-छोटे स्वच्छता अभियान चलाएं और दूसरों को भी जोड़ें।



### स्वच्छता अभियान की शुरुआत का पहला कदम है जनभागीदारी

### निजी भूमिका व समय तय करेगा शहर की असली पहचान

कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर स्पष्ट संदेश दिया कि यह महज एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि शहर की पहचान तय करने वाला एक शुभ अवसर है। क्योंकि स्वच्छ शहर को लेकर शहरवासियो को निजी तौर पर अपनी भूमिका निरंतर निभानी होगी। उन्होंने कहा कि आने वाला समय यह तय करेगा कि टीकमगढ़ एक स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के रूप में उभरेगा या फिर पुरानी समस्याओं से जूझता रहेगा।

सुबह के समय विश्राम गृह परिसर में सफाई मित्रों के साथ एकत्रित होकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्वच्छता का सामूहिक संकल्प दिलाया। इस दौरान उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि शहर को साफ-सुथरा बनाना केवल प्रशासन का कार्य नहीं है, बल्कि इसमें शहर के हर नागरिक की भूमिका अनिवार्य है। उन्होंने जनभागीदारी को इस स्वच्छता अभियान की शुरुआत का पहला कदम बताया है। क्योंकि जनभागीदारी के विना अपने शहर को निरंतर स्वच्छ बनाये रखना संभव नहीं है।

### कमियों के बारे में बात करने के बजाय निभाएं अपनी जिम्मेदारी

कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्वीकार किया कि टीकमगढ़ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध है, लेकिन स्वच्छता, विशेषकर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में अभी काफी सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अक्सर नगर पालिका की कमियों की बात होती है, लेकिन जब तक नागरिक अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, तब तक कोई भी व्यवस्था पूर्ण रूप से सफल नहीं हो सकती। जब नगर पालिका द्वारा सफाई की जाती है। उसके बाद उस सफाई को कायम रखने में अगर शहरवासी अपनी जिम्मेदारी निभाए और कचरा निश्चित स्थान पर ही डाले, तो शहर स्वच्छ रखा जा सकता है।

# कांग्रेस नीतियां दिखावी, महिला मुद्दों पर करती है राजनीति : सरोज

शहर की सड़कों पर उतरी महिला शक्ति, पुतला दहन, नारेबाजी के बीच कांग्रेस पर साधा निशाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नारी सम्मान के मुद्दे को लेकर शहर में मंगलवार को सियासी गर्माहट चरम पर पहुंच गई, जब भाजपा महिला मोर्चा ने जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत के नेतृत्व में जन महिला आक्रोश रैली निकालकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। रैली की शुरुआत अस्पताल चौराहे से हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों ईदगाह, जग्गा मिश्रा चौराहा, सैल सागर चौराहा और कोतवाली क्षेत्र से गुजरते हुए गांधी चौराहे तक पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर नारी शक्ति के समर्थन में नारेबाजी की और विपक्ष के खिलाफ अपना आक्रोश जताया।

गांधी चौराहे पर उक्त प्रदर्शन अपने चरम पर था, जहां भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने विपक्ष का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। पूरे आयोजन के दौरान महिलाओं में जबरदस्त उत्साह और एकजुटता देखने को मिली। रैली को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी कांग्रेस ने हमेशा राजनीति की है और महिलाओं के अधिकारों के प्रति उसकी नीतियां केवल दिखावटी रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने जमीनी स्तर पर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया, जबकि वर्तमान समय में भाजपा सरकार द्वारा महिला सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। रैली के दौरान अस्पताल चौराहे पर सर्व नारी समाज की महिलाओं ने भी एकजुट होकर प्रदर्शन में भाग लिया और नारी सम्मान की रक्षा के लिए कड़ा संदेश दिया। इस दौरान विभिन्न वर्गों की महिलाओं की भागीदारी ने आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। महिला मोर्चा की इस रैली के माध्यम से स्पष्ट संकेत दिया गया कि देश में नारी सम्मान के खिलाफ किसी भी प्रकार का अपमान या राजनीति अब सहन नहीं की जाएगी। महिलाओं ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि वे अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज उठाने के लिए तैयार हैं। महिला शक्ति की यह एकजुटता आने वाले समय में इस मुद्दे पर और बड़ी बहस का आधार बन सकती है।

## मजदूरी से लौटते ही मौत, उजड़े परिवार का विधायक बने सहारा

**टीकमगढ़।** रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे राज्य गए एक आदिवासी परिवार पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब घर लौटते वक्त एक सड़क हादसे में पिता, मां और बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आकर आर्थिक सहायता देने के साथ न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।
जानकारी के अनुसार, पलेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरदौरा, कछौरा पंचायत निवासी काशीराम आदिवासी, उनकी पत्नी अंगूरी और 17 वर्षीय पुत्र विशाल मजदूरी के लिए दूसरे राज्य गए हुए थे। 20 अप्रैल की सुबह 4 बजे वे बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद से अपने गांव दरदौरा कछोरा लौटने के लिए रेलवे स्टेशन की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान चारावली रेड लाइट क्षेत्र के पास, गेट



नंबर-1 के समीप एक तेज रफ्तार कंटेनर ने लापरवाहीपूर्वक उन्हें कुचल दिया। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई। वहीं साथ चल रहे राजाराम नामक मजदूर को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की रिपोर्ट हरियाणा के सदर बल्लभगढ़ थाना में दर्ज की गई है।

एसपी के सख्त निर्देशों का असर, दिगौड़ा पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# गोलीकांड आरोपी हथियार समेत कुछ घंटों में ही गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के सख्त निर्देशों का असर उस वक्त साफ दिखाई दिया ज़ब थाना दिगौड़ा पुलिस ने एक गंभीर आपराधिक घटना में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में आरोपी को हथियार समेत गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल को प्रातः करीब 5 बजे थाना दिगौड़ा क्षेत्र के ग्राम लुहरगुंवा में एक विवाह समारोह के दौरान थाना पलेरा अंतर्गत ग्राम कछौरा निवासी आरोपी दीपक अहिरवार ने अवैध देशी कट्टा 315 बोर से फायर कर खरगापुर थाना अंतर्गत ग्राम देरी निबासी सूरज अहिरवार पर जानलेवा हमला किया। घटना की सूचना मिलते ही थाना दिगौड़ा में अपराध दर्ज कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और कुछ ही घंटों के भीतर सैराई तिगैला, ग्राम धामना क्षेत्र से उसे गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का देशी कट्टा 315 बोर और एक खाली खोखा बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है, वहीं अवैध हथियार के संबंध में विस्तृत जांच जारी है। इस मामले में सक्रिय



भूमिका निभाने बाली दिगोड़ा पुलिस टीम में दिगोड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा, प्रधान आरक्षक राकेश घोष, प्रधान आरक्षक अभय, आरक्षक राघवेन्द्र, आरक्षक नीलू एवं आरक्षक अरुण चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की तत्परता और समन्वय के चलते आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस की इस कार्रवाई ने स्पष्ट संकेत दिया है कि जिले में अपराध के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर सख्ती से अमल किया जा रहा है। और साथ ही साथ एसपी मंडलोई के निर्देशन में पुलिस लगातार सक्रिय रहकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर है। दिगौड़ा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने न केवल एक गंभीर घटना में आरोपी को शीघ्र पकड़ने में सफलता दिलाई, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि सजग पुलिसिंग से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

# देश में एक साथ उठेगी गौहत्या प्रतिबंध व राष्ट्र माता दर्जा की मांग

27 अप्रैल को एक साथ एक ही समय सौपेंगे सरकार के नाम प्रार्थना पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

संपूर्ण भारत में गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर संत समाज एवं सनातनियों द्वारा चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान ने अब व्यापक जनआंदोलन का रूप लेना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में टीकमगढ़ जिले में भी इस अभियान का प्रचार-प्रसार जोर-शोर से किया जा रहा है।



अभियान के तहत जिलेभर में दीवार लेखन, पोस्टर-बैनर और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने तथा इस संबंध में सख्त केंद्रीय कानून बनाए जाने की मांग को लेकर जनसमर्थन जुटाना है। अभियान के जिला प्रभारी सुदीप मिश्रा ने बताया कि यह केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने कहा कि लोगों में इस अभियान को लेकर व्यापक उत्साह देखा जा रहा है और हर वर्ग के लोग इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। अभियान के तहत आगामी 27 अप्रैल को देश की 5 हजार 410 तहसीलों में एक साथ, एक ही समय पर संत समाज एवं सनातनी बंधु केंद्र और राज्य सरकार के नाम प्रार्थना पत्र सौंपेंगे। यह आयोजन एक संगठित और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास होगा। टीकमगढ़ तहसील में भी इसी क्रम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में संतजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल होंगे। 27 अप्रैल को नजर बाग प्रांगण में संतों और सनातनी बंधुओं का विशाल जमावड़ा होगा। कार्यक्रम की शुरुआत भजन-कीर्तन से की जाएगी, जिसके माध्यम से गौ माता के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव प्रकट किया जाएगा। इसके पश्चात तहसीलदार को प्रार्थना पत्र सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया जाएगा। अभियान के आयोजकों का मानना है कि गौ माता के संरक्षण का मुद्दा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक अस्मिता से जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि इसे जनजागरण के माध्यम से जनआंदोलन का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस कप्तान के नेतृत्व में बनाया रिकॉर्ड

# जनसेवा में पुलिस का जोरदार सिक्सर, छठी बार नंबर वन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

अगर कप्तान जोरदार हो तो टीम का प्रदर्शन भी शानदार रहता है। इसी का उदाहरण पेश करते हुए जिला पुलिस ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में एक बार फिर जनसेवा के मैदान में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मार्च माह की सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में टीकमगढ़ पुलिस ने लगातार छठवीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी कार्यकुशलता और जवाबदेही का उत्कृष्ट परिचय दिया है।

इस उपलब्धि के पीछे पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में पूरी टीम की सक्रियता, अनुशासन और निरंतर निगरानी को प्रमुख कारण माना जा रहा है। उनके निर्देशन में शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष फोकस किया गया, जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सका। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा थाना प्रभारियों को लगातार निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका प्रभावी निराकरण किया जाए। इसी रणनीति और सतत समीक्षा के चलते जिले ने यह ऐतिहासिक सफलता अर्जित की। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में 21



अप्रैल को जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में उत्सव का आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की उपस्थिति में केक काटकर खुशी साझा की गई। अधिकारियो ने बताया कि यह आयोजन केवल जश्न नहीं, बल्कि पुलिस और जनता के बीच मजबूत होते विश्वास और सहयोग का प्रतीक भी है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि यह सफलता पूरी टीम की मेहनत, अनुशासन और जनता के प्रति जवाबदेही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने प्रदेश में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसे बनाए रखने के लिए आगे भी निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। सीएम हेल्पलाइन में लगातार छठी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर टीकमगढ़ पुलिस ने यह रिकॉर्ड बनाया है।

स्कूल में वर्ल्ड अर्थ डे कार्यक्रम आयोजित

# पोस्टर, भाषण व रोपण के जरिए दिया सेव अर्थ, गो ग्रीन संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के भगवान महावीर बाल संस्कार स्कूल में वर्ल्ड अर्थ डे कार्यक्रम भरपूर उत्साह, जागरूकता और संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जहां छात्रों ने पृथ्वी को बचाने और पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

विद्यालय के प्राचार्य आरके जैन ने अपने संबोधन में पेड़-पौधों के महत्व, जल संरक्षण और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण के प्रति गंभीर नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकटों का सामना करना पड़ेगा। इसके बाद सीनियर



कॉर्डिनेटर रातिका भामरी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव अपनाकर भी प्रकृति को बचाया जा सकता है और हर व्यक्ति इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

कार्यक्रम के तहत पोस्टर, भाषण और निबंध लेखन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने पोस्टरों के माध्यम से सेव अर्थ और गो ग्रीन जैसे संदेश देकर पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। इसी क्रम में विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक का उपयोग कम करने, जल संरक्षण करने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली।

अधिकारी व पुलिस बल के बीच संवाद, विश्वास और सहयोग का नया माध्यम

# एसपी मंडलोई की पहल, चाय पर चर्चा की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस व्यवस्था को अधिक मानवीय और संवेदनशील बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने एक अनूठी पहल शुरू की है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा शुरू की गई चाय पर चर्चा पहल अब पुलिस बल के बीच संवाद, विश्वास और सहयोग का नया माध्यम बनती जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने जानकारी देते हुये बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल औपचारिक बैठकें नहीं, बल्कि अनौपचारिक माहौल में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करना है, ताकि उनके मनोबल को मजबूत किया जा सके और उनकी व्यक्तिगत व पारिवारिक समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकें। चाय पर चर्चा पहल के तहत पुलिस अधिकारी और कर्मचारी एक साथ बैठकर अपने अनुभव







साझा कर रहे हैं। इस दौरान वे न केवल अपने कार्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हैं, बल्कि एक-दूसरे के भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी समझने का प्रयास कर रहे हैं। इस पहल ने पुलिस बल के भीतर आपसी तालमेल और भरोसे को मजबूत किया है। सुख दुख में सहभागी बनने की भावना से एक सशक्त टीम का निर्माण हो रहा है, जो बेहतर कार्यप्रणाली की दिशा में सकारात्मक संकेत है। इसी क्रम में 21 अप्रैल को थाना कोतवाली, दिगोड़ा और देहात क्षेत्रों में थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने स्टाफ के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी पारिवारिक, आर्थिक और व्यक्तिगत समस्याओं को साझा किया। अधिकारियों ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित समाधान के प्रयास किए। जिन मामलों में उच्च स्तर की आवश्यकता थी, उन्हें पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया गया। एसपी इस पहल अंतर्गत प्राप्त फीडबैक पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और इसके सकारात्मक प्रभावों की नियमित समीक्षा भी कर रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि यह नवाचार पुलिस बल के भीतर संवेदनशीलता, सहयोग और विश्वास को और अधिक मजबूत करे। क्योंकि मजबूत पुलिस व्यवस्था केवल सख्ती से नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और संवाद से भी बनती है।

## मेघपुरा के पास हादसा, 9 घायलों को किया ग्वालियर रेफर

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, महिला की मौत, दूल्हा समेत 24 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के विजयपुर तहसील क्षेत्र में बुधवार की सुबह 11 बजे के आसपास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तब पलट गई, जब ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार ग्रामीण शादी का सामान खरीदने के लिए विजयपुर आ रहे थे। हादसे के दौरान एक महिला की मौत हो गई। जबकि दूल्हा समेत दो दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अगरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाया गया,जहां से 15 घायलों को विजयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए रैफर कर दिया गया। विजयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचे घायलो में से 9 घायलों को हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया है। मेघपुरा के पास हुआ यह हादसा सामने से आ रही मोटरसाइकिल को बचाने के फेर घटित हुआ।

जानकारी के अनुसार अगरा थाना क्षेत्र के गांव लारदा निवासी चीमा आदिवासी के बेटे पवन आदिवासी की शादी 25 अप्रैल को आयोजित होना तय है। जिसके चलते घर में शादी की तैयारियां का सिलसिला चल रहा है। इसी शादी के लिए जरूरी सामान की खरीदारी करने के लिए घर के लोग बुधवार की सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर विजयपुर आ रहे थे। मेघपुरा गांव पहुंचने पर उन्हें 10-15 लोग मिल गए। जो नजदीकी गांव में एक रिश्तेदार के यहां गमी होने पर शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे। इस तरह 25 लोग ट्रैक्टर ट्रॉली सवार होकर चल रहे थे। मेघपुरा से थोडा आगे चलने पर ट्रैक्टर चालक का संतुलन अचानक सामने आई मोटरसाइकिल को बचाने के फेर में बिगड गया जिसकारण असंतुलित हुई ट्रैक्टर ट्रॉली सडक से नीचे उतरकर पलट गई। हादसे के दौरान कई लोग ट्रॉली के नीचे दब गए और चीख-पुकार मच गई। अगरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को अगरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और विजयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को रैफर कर दिया गया। इस हादसे में महिला त्रिवेणी आदिवासी 45 वर्ष पत्नी श्रीपत आदिवासी निवासी मेघपुरा की मौत हो गई। पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



### 15 घायल विजयपुर के सीएचसी रेफर

दरअसल हादसे के दौरान 24 ग्रामीण घायल हुए। जिन्हें नजदीक अगरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया,जहां से 15 घायलों को विजयपुर के सीएचसी के लिए रैफर कर दिया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम अभिषेक मिश्रा और तहसीलदार रजनी वघेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए और प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने के चलते 9 घायलो को ग्वालियर रैफर कर दिया गया। जिनमें धनिया आदिवासी पत्नी मोहीलाल आदिवासी, मोहीलाल पुत्र टोपीलाल आदिवासी, सरस्वती आदिवासी पत्नी देवा आदिवासी, पंखो पत्नी सूख आदिवासी सभी निवासी लारदा तथा दूल्हे पवन का भाई देवेन्द्र आदिवासी निवासी लारदा, भूरो आदिवासी पत्नी रामचरण आदिवासी, गुन्नी पत्नी बाबूलाल आदिवासी, भूरो पत्नी श्रीलाल आदिवासी निवासीगण मेघपुरा एवं दशरथ पुत्र सीताराम आदिवासी निवासी खेरा शामिल है।

### दूल्हे समेत छह घायलों का विजयपुर में चल रहा इलाज



हादसे घायल हुए दूल्हा पवन आदिवासी निवासी लारदा समेत छह घायलों कोशा पत्नी किशोर आदिवासी, ममता पत्नी रामगिर आदिवासी, उषा आदिवासी पत्नी मुंशी आदिवासी, चक्रवती पत्नी शिव सिंह आदिवासी निवासीगण मेघपुरा, सीताराम पुत्र प्रहलाद आदिवासी निवासी खेरा को विजयपुर अस्पताल में भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। जबकि नौ घायलों विभीषण आदिवासी पुत्र पूरण आदिवासी, रामा आदिवासी पत्नी विभीषण आदिवासी, अजय आदिवासी पुत्र रामसिंह मोगिया, रूक्को आदिवासी पुत्री देवेश आदिवासी, पूनम पुत्र अजय मोगिया निवासीगण लारदा, छटो पत्नी रमेश आदिवासी, रजना आदिवासी पत्नी पप्पू आदिवासी, सरूती आदिवासी पत्नी रामचरण आदिवासी निवासीगण मेघपुरा, सुनील आदिवासी पुत्र शिशुपाल आदिवासी निवासी खेराका प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अगरा में उपचार किया जा रहा है।

### 6 दिन में दूसरा हादसा

विजयपुर क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने का यह 6 दिन के भीतर दूसरा सडक हादसा है। इसके पहले 16 अप्रैल की रात्रि को एक ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चार महिलाओ की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिससे शादी की खुशिया मातम मे बदल गई थी, उस हादसे में मृत हुई महिलाओ के बच्चों का करूण रूदन आज भी गांव में सुनाई दे रहा है।

#### 7 माह बाद होगी बैठक, इससे पहले 16 मार्च को होने वाली बैठक कर दी थी स्थगित

# विकास के बिंदुओं के साथ फिर जारी हुआ नपा परिषद की बैठक का एजेंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

7 माह से नहीं हुई नगर पालिका परिषद की बैठक के होने की संभावना फिर जगने लगी है। सीएमओ आरआर यादव ने बैठक से जुड़ा विकास के बिंदुओ वाला एजेंडा जारी कर दिया है। हालांकि बैठक का एजेंडा सभी पार्षदों के घर पहुंचाकर तामील करा ली गई है लेकिन इसके बावजूद समय पर बैठक होगी इसकी संभावना 50-50 है क्योंकि इससे पहले भी 16 मार्च को बैठक बुलाने के लिए एजेंडा जारी कर दिया गया था लेकिन दो दिन पहले पार्षदों को अपरिहार्य कारणों से बैठक स्थगित करने की सूचना सीएमओ ने पार्षदों को भेज दी थी। कमोवेश वही स्थिति अभी भी बनी हुई है।

सीएमओ द्वारा जो एजेंडा जारी किया गया है उसमें विभिन्न वार्डों में विकास के कार्य को स्वीकृति देने जैसे कई बिंदु शामिल है जिनमें श्री हजारेश्वर महादेव मेला लगाने पर चर्चा और महिला सम्मान का बिंदु भी शामिल किया गया है। इससे अधिक खास बिंदु बजट 2026-27 को लेकर है आगामी कार्य योजना की स्वीकृति मिलने के बाद आगामी वर्ष में विकास कार्य नगर पालिका परिषद करा सकेगी इसलिए यह बैठक सत्ता पक्ष वाले पार्षदों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। ज्ञात हो कि बीते साल बजट की बैठक में ही दो तिहाई पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया था तब कयास लगाए जा रहे थे की बैठक कोरम के अभाव में स्थगित हो जाएगी लेकिन अध्यक्ष रेनू राठौर ने तीन सदस्यों के साथ ही बैठक कर ली और बाद में उस बैठक को विपक्ष द्वारा दी गई चुनौती का आज तक कोई असर नहीं हुआ। लेकिन इस बार परिषद की वैधता का मामला अदालत में विचाराधीन होने से इसकी संभावना कम है इसका अनुमान बीते माह लग भी गया था जब एजेंडा जारी होने के बाद बैठक अचानक बिना कारण बताए स्थगित कर दी थी।



### बैठक की अध्यक्षता अबूझ पहेली

24 अप्रैल को होने वाली बैठक की अध्यक्षता कौन करेगा यह बात फिलहाल अबूझ पहेली बनी हुई है। हालांकि सीएमओ ने जो एजेंडा जारी किया है उसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद पद का उल्लेख किया है पर हाईकोर्ट ने अध्यक्ष रेनू राठौर को जिस तरह पावर लेस किया है उससे तो वह बैठक की अध्यक्षता नहीं कर सकती हैं अगर ऐसा हुआ तो या तो वह बैठक में अनुपस्थित रहेंगी या फिर पार्षद की हैसियत से बैठक में बैठेंगी क्योंकि अगर वोट डालने की स्थिति आई तो एक-एक वोट कीमती होगा। अगर रेनू राठौर अध्यक्षता नहीं करेंगी तो कौन करेगा विपक्ष तो बोल रहा है कि उपाध्यक्ष संजय महाना बैठक की अध्यक्षता करेंगे पर यह भी हो सकता है कि जिस तरह पीआईसी की बैठक पार्षद कलावती गौतम की अध्यक्षता में करवाई गई उसी तरह किसी और पार्षद से बैठक की अध्यक्षता कराई जा सकती है इसका निर्णय भी पार्षद ले सकते हैं।

### आय बजट

1. चुंगी क्षतिपूर्ति मद में 12 करोड़ का प्रावधान किया गया है, गत वर्ष 11 करोड़ का प्रावधान किया गया था।
2. सम्पत्ति कर मद में कुल 32 लाख का प्रावधान किया गया है गत वर्ष 30 लाख का प्रावधान किया गया था
3. नगरीय विकास उपकर में 5 लाख का प्रावधान किया गया है। नगर पालिका श्योपुर में इस कर की वसूली वर्ष 2010-11 से चालू है।
4. शिक्षा उपकर में 2.50 लाख का प्रावधान किया गया है। वसूली इस कर की वर्ष 2010-11 से चालू है।
5. समेकित कर मद में कुल 35 लाख का प्रावधान किया गया है। गत वर्ष 30 लाख का प्रावधान किया गया था,
6. निर्यात कर मद में यह राशि शासन द्वारा प्राप्त हो रही है। 45 लाख का प्रावधान किया गया है। गत वर्ष 42 लाख का प्रावधान किया गया था,

#### रात में कमरे का ताला तोड़कर नकदी व चांदी के कड़े पार, पीछे खाली जगह में जला मिला बक्सा

# पुजारी के कमरे से 1.35 लाख की चोरी बक्सा जलाकर सबूत मिटाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड क्षेत्र में स्टेडियम के पीछे स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में रहने वाले पुजारी के कमरे में अज्ञात चोरों ने देर रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के दौरान चोर लोहे का बक्सा उठाकर कमरे से बाहर ले गए, जिसमें 1 लाख 35 हजार रुपये नकदी और चांदी के आभूषण रखे थे। नकदी रुपए और चांदी के आभूषणो को पार करने के बाद चोरो ने बक्से में आग लगाकर सबूत मिटाने का प्रयास भी किया। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार मंदिर के पुजारी बीरबल गुर्जर (70) पुत्र नंदलाल गुर्जर निवासी ग्राम नंदापुर, हाल निवासी देवनारायण मंदिर के पीछे स्टेडियम क्षेत्र श्योपुर, ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 अप्रैल की रात वह अपनी पत्नी के साथ कमरे में सो रहे थे। रात करीब 1 बजे तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन करीब 3 बजे नींद खुलने पर कमरे में रखा लोहे का बक्सा गायब मिला और दरवाजा खुला हुआ था। इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों को बुलाकर तलाश शुरू की। करीब 100 मीटर दूर पीछे खाली जगह में आग जलती दिखाई दी। पास जाकर देखा तो वही बक्सा था, जिसमें रखे कपड़े और कागज जल चुके थे। चोर नकदी और चांदी के कड़े निकालकर फरार हो गए थे। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। लेकिन आरोपियों का फिलहाल कोई सुराग नहीं है।

## पीने के पानी के लिए महिलाओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया, ज्ञापन सौंपा




श्योपुर। वार्ड एक किला बस्ती में पीने के पानी का संकट बढ़ जाने से किला बस्ती की महिलाओं ने लामबंद होकर बुधवार को कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए कलेक्टर शीला दाहिमा को ज्ञापन सोपा। इस दौरान पार्षद आहिस्ता रजा खान ने सीएमओ पर समस्या को जानबूझकर नजर अंदाज करने और अभद्रता करने के आरोप लगाए। एक सैकड़ा से भी अधिक महिलाओं ने कलैक्ट्रेट पहुंच कर सीएमओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बाद में पार्षद आहिस्ता रजा खान के नेतृत्व में कलेक्टर शीला दाहिमा को ज्ञापन सोपा। इस दौरान पार्षद ने कलेक्टर को बताया कि किला बगीची बस्ती में पीने के पानी का संकट आन खड़ा हुआ है। इस बस्ती में जमीन के नीचे खारा पानी होने से पानी दूसरी बस्ती से लिफ्ट कर भेजा जा रहा था लेकिन उक्त बोर को भी बिना कारण बंद कर दिया गया। बोर अच्छी हालत में है और पानी प्रदाय करने की स्थिति में है। पानी सप्लाई करने वाली मोटर ओर पाइप भी उपलब्ध है जो वार्ड में ही रखे हुए हैं अगर यह मोटर पानी में बोर में डाल दी जाए तो पानी लिफ्ट कर बगीची बस्ती में पहुंचा दिया जाए जिससे लोगों को पीने के पानी का संकट समाप्त हो जाए। इन दिनों पानी की समस्या के कारण लोगों को पीने का पानी दूसरी बस्ती में जाकर भर के लाना पड़ रहा है जो बेहद कष्टपूर्ण है। पार्षद ने सीएमओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी उनसे खारा पानी आने की शिकायत की जाती है तो वह अभद्रता करते हुए बोलते हैं कि मैं क्या बोर में शक्कर डाल दूं जिससे तुम्हें पीने का पानी मीठा मिलने लगे। वार्ड की महिलाओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनको पीने का पानी जल्द मुहैया नहीं कराया तो वह नगर पालिका में अनिश्चितकालीन धरना देकर बैठ जाएंगी।

## महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष की खिलाफत से आक्रोशित महिलाओं ने निकाला विरोध मार्च,फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देश की संसद में महिला आरक्षण विधेयक के विरूद्ध विपक्षी षडयंत्र को लेकर शहर में बुधवार को शाम को महिलाओं का गुस्सा सडक पर फूटता नजर आया। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा समेत तमाम मोर्चा प्रकोष्ठ एवं महिलाओं ने कड़ा विरोध जताया और गोलम्बर से मैन चौराहे तक विरोध मार्च निकाला गया, तथा पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाऐं एवं भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि देश की महिलाओं को राजनीति में बराबरी की भागीदारी कराने की मंशा के खिलाफ विपक्षी आवाज एक सुर में जाग गई क्योंकि कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टियां महिलाओं को कमजोर और पीछे धकेलना चाहती है, जबकि भाजपा हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण एवं बराबरी का हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए संसद में महिला आरक्षण बिल लाया गया था, ऐसे में विपक्ष की महिला विरोधी नीतियां खुलकर सामने आई और बिल के विरोध में वोटिंग कर महिला आरक्षण विधेयक को गिरा दिया गया है, विपक्ष के इस कदम से देश में महिला विरोधी लोगो की पोल खुल गई है। महिला जनाक्रोश इस बात का प्रतीक है कि विपक्ष के खिलाफ देश की महिलाऐं जाग चुकी है। इस दौरान जनाक्रोश प्रदर्शन में पूर्व विधायक बृजराज सिंह चोहान, दुर्गालाल विजय, भाजपा नेता महावीर सिंह सिसौदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, सुजीत गर्ग, संजय अकोदिया, उमा शर्मा, सरोज तोमर, मोनू सोनी, सुमेर सिंह, सुमित सिंहल, संजय मंगल सहित बडी संख्या में महिलाऐं एवं भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### रोका जाए गेहूं खरीदी में नियम विरूद्ध चल रहा का कटोत्रा का खेल

श्योपुर। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मिश्रालाल बैरवा ने बुधवार को कलेक्टर शीला दाहिमा से मुलाकात की और उन्हें किसानों को गेहूं खरीदी में आ रही समस्याओ को लेकर ज्ञापन सौंपा। मिश्रालाल बैरवा ने कलेक्टर को बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी कर रही सहकारी समितियां किसानों से 700 ग्राम गेहूं लेने का कटोत्रा नियम विरूद्ध कर रही है, गेहूं कटोत्रा के इस मनमाने खेल को रोका जाए और उसका पैसा किसानों के दिलवाया जाए।



# गेहूं खरीदी में अव्यवस्था और अवैध कटौती को लेकर किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में आ रही समस्याओं को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर शीला दाहिमा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने बताया कि जिले में गेहूं खरीदी व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो गई है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्लॉट बुकिंग में देरी के कारण किसानों को कई दिनों से इंतजार करना पड़ रहा है जिसकारण किसान अपनी गेहूं की उपज को बेच नहीं पा रहा है, वहीं 10 बीघा से अधिक भूमि वाले किसानों के स्लॉट अब तक लंबित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापारियों के द्वारा मंडियों में धर्म कांटे पर प्रति क्विंटल लगभग 700 ग्राम की अवैध कटौती की जा रही है जिससे किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है। इसके साथ ही सैंपल के नाम पर 3–4 किलो गेहूं लिया जा रहा है, जिसे वापस नहीं किया जाता। गेहूं को चमक विहिन, नमी एवं अन्य कारणों का हवाला देकर किसानों के गेहूं को अनुचित रूप से रिजेक्ट भी किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वेयर एवं संबंधित कर्मचारियों द्वारा गेहूं पास करने के बदले रिश्वत ली जा रही है, जिससे किसानों का शोषण हो रहा है। कई खरीदी केंद्रों पर लेबर एवं बारदाने की कमी के कारण खरीदी कार्य प्रभावित हो रहा है और किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। ज्ञापन में सेटेलाइट मैपिंग में त्रुटियों का मुद्दा भी उठाया गया। ज्ञापन में किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि स्लॉट बुकिंग प्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए, लंबित स्लॉट तत्काल बुक किए जाएं, अवैध कटौती एवं भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई की जाए,इस मामले में कलेक्टर शीला दाहिमा ने किसानों को आवश्यक कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया। ज्ञापन सौपने के दौरान हनुमान मीणा जैदा, बलराम बगवाड़ा, विष्णु डाबरसा, बाल मुकुंद धनखेड़ा, पवन नाइवल सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।




### कलेक्टर की अध्यक्षता में क्षीर धारा ग्राम योजना संयुक्त समिति की बैठक आयोजित

# श्योपुर के 34 गांव क्षीर धारा ग्राम योजना में लक्षित, दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा, नस्ल सुधार होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राज्य शासन द्वारा ''क्षीर धारा ग्राम योजना'' प्रारंभ की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना और पशुपालकों की आय को दोगुना करना है। इसके तहत श्योपुर जिले में 34 गांव लक्षित किये गये है। लक्षित गांवों में डेयरी क्षेत्र के सभी घटको का एकीकृत विकास सुनिश्चित किया जाएगा,वहीं दुग्ध उत्पादन बढाए जाने के साथही नस्ल सुधार किए जाने जैसे कार्य भी किए जाएंगे। इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर क्षीर धारा ग्राम संयुक्त समन्वय समिति की बैठक की बुधवार को कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डीएफओ कूनो आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




### कराहल और विजयपुर में ये गांव लक्षित

क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत कराहल विकासखण्ड क्षेत्र में 8 गांव लक्षित किए गए है,जिनमें कर्राई, गोरस, हसनपुर, जाखदा, पहेला, झिरन्या, कलमी एवं कैलोर शामिल है। जबकि विजयपुर विकासखण्ड में चकचांदखा, हारकुई, छावर, माता का पुरा घूघस, उपचा, जोमा का पुरा, मढा, फरारा, हरि सिंह का पुरा, सेवला, खैरोदा खुर्द एवं कोतवाल की झोपडी समेत 12 गांव लक्षित किए गए है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि योजना के तहत लक्षित ग्रामों में आधारभूत सर्वेक्षण कार्य के उपरांत सघन बदीयाकरण अभियान एवं बांझपन निवारण शिविर लगाये जायें तथा पशुपालन जागरूकता शिविर एवं संगोष्ठि आयोजित की जायें। उन्होंने कहा कि नस्ल सुधार उच्च नस्ल के सीमन से दुधारू पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, स्वास्थ्य सुरक्षा पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण और बधियाकरण एवं अपशिष्ट प्रबंधन गोबर और अन्य अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि योजना के तहत कार्य योजना तैयार की जायें तथा लक्षित ग्रामों में योजना अंतर्गत निर्धारित बिन्दुओं पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से समन्वय कर कार्य पूर्ण किये जायें। उक्त योजना की अवधि तीन वर्ष है, जिनमें सभी गतिविधियां सकारात्मक रूप से पूर्ण होने पर क्षीर धारा ग्राम घोषित किये जायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र में पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। इस अवसर पर उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे द्वारा विभागीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि जिले में अभी तक विभिन्न स्थानों पर 31 बांझपन निवारण शिविर लगाये गये है तथा कुल 792 पशुओं का बधियाकरण किया गया है। इसी प्रकार 15 हजार 943 पशुओं का टीकाकरण और 26 हजार 507 पशुओं की टेगिंग की गई है।

### श्योपुर विकासखंड के ये गांव योजना में

क्षीर धारा ग्राम योजना में जिले के 34 गांव लक्षित किये गये है, इन ग्रामों को क्षीर धारा ग्राम के रूप में विकसित किया जायेगा तथा सभी मानक पूरे होने के बाद तीन साल की अवधि उपरांत इन्हें क्षीर धारा ग्राम घोषित किया जायेगा। योजना के तहत श्योपुर विकासखण्ड में 14, विजयपुर में 12 तथा कराहल में 08 ग्राम लक्षित किये गये है, लक्षित ग्रामों में विकासखण्ड श्योपुर के गोपालपुरा, सोईकलां, श्रीपुरा, हथवारी, नागदा, मलपुरा, माधोराजपुरा, लाडपुरा, सरोदा, ढीमचौतरा, ढोटी, किलोरच, बिलोनी एवं खोजीपुरा शामिल किए गए है।

# बड़ौदा क्षेत्र के भ्रमण पर पहुंचे एसडीएम, बैठक में अनुपस्थित रहे तीन पटवारियों को नोटिस

श्योपुर। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम गगन सिंह मीणा ने बड़ौदा क्षेत्र का भ्रमण किया और बड़ौदा तहसील क्षेत्र के पटवारियों की बैठक लेकर कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान बैठक से अनुपस्थित पटवारी अफसर अंसारी, लीला आदिवासी एवं दिप्ति अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। एसडीएम ने पटवारी बैठक के दौरान निर्देश दिये कि सभी पटवारी अपने-अपने हल्को में सतत रूप से भ्रमण करें तथा सौपे गये दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक किया जायें। एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा का निरीक्षण किया गया तथा अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने सलमान्या स्थित साईलों केन्द्र का निरीक्षण भी किया तथा उर्पाजित गेहूं के भण्डारण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा गेहूं की तौल के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए आये किसानों से चर्चा भी की। इस दौरान तहसीलदार बड़ौदा सुरेश राठौर भी मौजूद रहें।



## खबर संक्षेप

### अधिक शराब पीने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम निर्टर निवासी गुबरा उर्फ गोबरधन पुत्र जनता आदिवासी उम्र 23 साल द्वारा शराब का अधिक मात्रा में सेवन किया जा रहा था जिसके कारण उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं, जिले की ईसागढ पुलिस ने ढाकौनी निवासी सूरज कुशवाह के पास से 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली पुलिस ने डिपो कॉलोनी निवासी सचिन सांसी के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने मग्गर सिंह सिक्ख निवासी उमरिया माफी के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने पीपलखेडा निवासी दिलीप अहिरवार के पास से 4 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौशाला अशोकनगर निवासी गौरव यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुमित, आदित्य शाक्य, पंकज रजक, उमेश कोरी, दिलीप शाक्य व अन्य 5 लोगों ने एक राय होकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुमित रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गौरव यादव, संजीव यादव, सुखदेव यादव, व 10 अन्य लोगों ने लंबरदार मोहल्ला में एक राय होकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेरा चक्क निवासी गेंदालाल पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहरसिंह पाल, वीरभान पाल और विजय पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीलाखेडा निवासी जयपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बुन्देल सिंह, निवासी ग्राम नीलीघुरक व अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 13 गुम नाबालिगों को सुरक्षित उनके परिवार जनों को सौंपा गया

**अशोकनगर।** 31 मार्च 2026 की स्थिति में जिले में कुल 15 नाबालिग बालक/बालिकाएं दस्तयाबी हेतु शेष थीं, जबकि अभियान अवधि में 08 बालिकाओं एवं 02 बालकों के अपहरण के प्रकरण दर्ज हुए। पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 1 अप्रेल से 20 अप्रेल तक कुल 13 नाबालिगों में से 11 बालिकाएं एवं 02 बालकों को सुरक्षित दस्तयाब किया गया, जो विगत वर्षों की तुलना में सर्वाधिक उपलब्धि है। दस्तयाबी के दौरान 02 बालिकाओं को जिले के बाहर विदिशा एवं गुना से बरामद किया गया। पुलिस टीमों की त्वरित कार्यवाही के परिणाम स्वरूप 04 बालिकाओं एवं 01 बालक को सूचना प्राप्त होने के मात्र 05 घंटे के भीतर तथा 04 बालिकाओं को 24 घंटे के अंदर दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई है। नाबालिग बालिकाओं को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अशोकनगर पुलिस द्वारा सभी नाबालिगों से अपील की गई है कि बिना बताए घर से न जाएं तथा किसी के बहकावे में न आएं। नाबालिग को उसकी सहमति से भी भगाकर ले जाना कानूनन अपराध है।

### भोपाल में कार्यक्रम का लाईव प्रसारण हुआ

**अशोकनगर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में आसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में सिविल सेवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सेवा दिवस कार्यक्रम का जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

**नए शेड के निर्माण के साथ आने वाले लोगों के लिए भी मिल सकेंगी बेहतरीन सुविधाएं**

# शहर के मुक्ति धाम को किया जा रहा है सर्व सुविधायुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय अशोकनगर का जो मुख्य श्मशान स्थल है जिसे मुक्तिधाम के नाम से जाना जाता है। इस मुक्ति धाम को अशोकनगर नगर पालिका नया लुक प्रदान कर रही है। यहां आने वाले आम जनों की सुविधाओं के लिए नए शेड का निर्माण भी किया जा रहा है, ताकि एक साथ 8 लोगों के अंतिम संस्कार किए जा सकें। बैठने के लिए दो पवेलियन भी बनाए जा रहे हैं ताकि लोग आसानी से यहां बैठ सकें।

यह श्मशान स्थल सन 1961 से यही चल रहा है कई अनेक लोग तो ऐसे हैं कि जिन्होंने श्मशान स्थल के रूप में इसी स्थान को देखा है पहले यहां छोटा सा शमशान स्थल हुआ करता था। उसके बाद जगह कर पड़ने लगी जिसके बाद फिर एक और शेड का निर्माण किया गया। लेकिन आज भी यहां पर्याप्त इंतजाम अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को नहीं मिलते हैं इसी स्थान पर नगर पालिका अशोकनगर ने इस पूरे स्थल का आधुनिकीकरण करने का निर्णय लिया है जिसका निर्माण तेज गति से चल रहा है। अभी तक यहां पांच लोगों का अंतिम संस्कार किए जाने की सुविधा थी लेकिन अब इस स्थान पर नगर पालिका अशोक नगर द्वारा एक बड़े शेड का निर्माण किया जा रहा है और यहां एक साथ आठ लोगों का अंतिम संस्कार हो सकेगा। इस तरह की व्यवस्थाएं की गई हैं।

### लंबे व्यक्ति के अंतिम संस्कार में मदद मिल सकेगी

नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि हमेशा अंतिम संस्कार के लिए जो स्थान होता है वह 6 फीट का होता है लेकिन नगर पालिका ने इस बात का भी ध्यान रखा है यदि किसी व्यक्ति की लंबाई 6 फीट से अधिक है तो उस व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए भी स्थान का ध्यान रखा गया है, यहां 8 फीट की एक भटटी भी बनाई गई है। इस तरह इस पूरे शमशान स्थल पर निर्माण भी तेज गति से चल रहा है, इस स्थान पर वैसे तो हरियाली बहुत है जो यहां आने वाले लोगों को प्राकृतिक रूप से अच्छी लगती है।



### यहां आने वाले लोगों को अब खुले में संस्कार नहीं करना होगा

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि इस पूरे परिसर को बेहतरीन किया जा रहा है तथा बैठने वाले लोगों के लिए पवेलियन का निर्माण किया जा रहा है ताकि लोग आसानी से अंतिम संस्कार होने तक यहां बैठ सकें। इस श्मशान घाट के निर्माण के बाद लोगों को अंतिम संस्कार करने में अपने परिवार के उस सदस्यों को आसानी से संस्कार की क्रिया करने में मदद मिल सकेगी। क्योंकि अभी तक यहां जितने भी स्थान है वह स्थान कम है जिसके कारण कई बार लोगों को जगह के अभाव में भट्टी न मिलने की वजह से खुले में संस्कार करना पड़ता है। कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है एक दिन में 7 से 8 तक व्यक्ति अंतिम संस्कार के लिए ले जाते हैं लेकिन जगह काम हो रही है और कम होने की वजह से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए संस्कार के बाद कम से कम 3 दिन का समय लगता है तब जाकर भट्टी खाली हो पाती है।

### नगर पालिका की सराहनीय पहल

ऐसी स्थिति में नगर पालिका का यह नया निर्माण अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को सुविधाजनक होगा और अपने परिवार की के सदस्य की विदाई अंतिम संस्कार के रूप में आसानी से कर सकेंगे। क्योंकि यही जीवन का अंतिम सच है जो भी आया है उसे जाना है जाना है। शमशान घाट जीवन की सच्चाई है न कोई लेकर आता है न कोई लेकर जाता है। आती है तो यादें वह सब इसी स्थान पर ताजा होती है इसलिए नगर पालिका की यह पहल एक सराहनीय कदम है।

### 1961 में श्मशान घाट पर बनाई गई धर्मशाला एक नई सोच

इसी स्थान पर सन 1961 में गोपाल दास पंजाबी परिवार के द्वारा एक धर्मशाला का निर्माण भी किया गया था जिस पर आज भी सन 1961 लिखा हुआ है जिससे इस बात का पता लगता है कि यह श्मशान स्थल कम से कम 64 वर्ष पुराना है। हालांकि शमशान स्थल पर कहीं कोई सन नहीं लिखा हुआ है लेकिन धर्मशाला के निर्माण से इस बात का अंदाजा लगाया जाता है कि यह 1961 में बना होगा। लेकिन उस जमाने में जब लोग श्मशान घाट में जाने से डरा करते थे तब उस परिवार ने यहां पर एक धर्मशाला का निर्माण किया। उस परिवार की सोच को देखिए कि अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को वर्षा और धूप में परेशानियों का सामना न करना पड़े इसलिए इस धर्मशाला का निर्माण कराया गया था। शमशान स्थल पर धर्मशालाएं बहुत कम मिलती है मांगलिक कार्यों के लिए धर्मशालाओं का निर्माण हो सकता है शादी विवाह जैसे अन्य आयोजनों के लिए धर्मशालाओं का निर्माण तो मिल सकता है लेकिन श्मशान घाट पर धर्मशाला का निर्माण यह बहुत बड़ी बात है और आज भी धर्मशाला यहां पर बनी हुई है। इस धर्मशाला के आधुनिकीकरण की जरूरत भी है इस पर भी ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

---

**बसाहरी में शादी में शामिल होने आया था परिवार**

## डबरी में डूबे 8 वर्षीय बालक का 28 घंटे बाद मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

डबरी में डूबे 8 वर्षीय बालक का शव 28 घंटे बाद बुधवार सुबह 11 बजे एनडीआरएफ की टीम ने खोज कर बाहर निकाला और पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार खिमलासा थाना अंतर्गत ग्राम बसाहरी में गोड बब्बा मंदिर के समीप मंगलवार को एक शादी समारोह का आयोजन चल रहा था। कार्यक्रम स्थल के पास ही एक पानी से भरी डबरी बनी हुई थी। जिसमें शादी में आई चाहत उम्र 11 वर्ष एवं उसका भाई राज कुशवाहा 8 वर्ष निवासी ढांड थाना भानगढ़ अपने पिता राजाराम कुशवाहा के साथ नहाने के लिए गए हुए थे।

बच्चों के पिता डबरी से करीब 50 मीटर की दूरी पर खड़े थे। बच्चे डबरी में नहाते-नहाते अधिक गहरे हिस्से में चले गए। डूब रहे बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर राजाराम कुशवाहा तत्काल उन्हें बचाने के लिए पहुंचे। वह अपनी बेटी चाहत कुशवाहा को तो सुरक्षित बाहर निकाल लाए, लेकिन उनका बेटा राज कुशवाहा गहरे पानी में चला गया। घटना के बाद गांव के लोगों द्वारा डबरी में बच्चे की खोजबीन की गई। परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना लोगों ने डॉयल 112 को दी। सूचना मिलने के बाद डॉयल 112 के आरक्षक मलखान पाल, पायलट राजेश्वर यादव मौके पर पहुंचे। इसके बाद सागर से एनडीआरएफ टीम भी मौके पर पहुंची लेकिन मंगलवार देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी बच्चे की कोई जानकारी नहीं मिल सकी। रात होने के कारण रेस्क्यू अभियान बंद कर दिया गया। बुधवार सुबह फिर चलाया गया अभियान- सुबह होते ही बुधवार को एक बार फिर से एनडीआरएफ टीम द्वारा रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

इस दौरान बच्चे का शव ऊपर आ गया। शव को डबरी से बाहर निकाला गया। खिमलासा पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को खुरई सिविल अस्पताल भेजा गया। पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। राजाराम कुशवाहा ने बताया कि वह परिवार के साथ सांडू की लड़की की शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया हुआ था। शादी समारोह में आए बच्चे पास में ही डबरी में नहाने के लिए चले गए थे। उन्होंने बताया कि मैने अपनी बच्ची को तो बचा लिया। खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल ने बताया कि मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

---

## उपार्जन समिति की बैठक में किसानों को बेहतर व सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना, मसूर उपार्जन की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को उपार्जन केन्द्र पर बेहतर एवं सुगम सुविधाएं पेयजल, छाया, शौचालय एवं बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि केन्द्रवार नोडल अधिकारियों के साथ ही उपार्जन से जुडे अधिकारी नियमित रूप से उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करेगें। जिससे व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहे। केन्द्र पर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसानों को पारदर्शी, सुगम तथा परेशानी मुक्त उपार्जन व्यवस्था उपलब्ध कराना है। जिससे उन्हें समय पर लाभ मिल सके। साथ ही किसानों को तुलाई पश्चात ऑनलाईन रसीद मिले यह सुनिश्चित किया जाएं। बैठक में कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं, पंजीकृत किसानों की स्थिति,तौल की व्यवस्था, कांटो की संख्या, वारदाना की उपलब्धता, परिवहन एवं भण्डारण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीदी केन्द्रों पर आने वाले कृषकों को खरीदी प्रक्रिया में अनावश्यक बिलंव न हो, फसल तुलाई में बिलंव की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अगले दिन तुलाई की जाएं। जिससे फसल तुलाई हो सके। उन्होंने निर्देश दिए एफएक्यू मानक के गेहूँ का उपार्जन किया जाए। उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही न बरती जाए। बारिश को दृष्टिगत रखते हुए उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिह सहित खाद्य आदि रहे मौजूद।

### लॉटरी से चयनित बच्चों के प्रवेश की अंतिम तिथि 25 तक

**अशोकनगर।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शिक्षा का अधिकार आरटीए अधिनियम 2009 के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए लॉटरी से चयनित बच्चों के प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 अप्रैल कर दी गई है। जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा ने बताया कि जिले में वंचित वर्ग के छात्र 90.5 प्रतिशत विद्यार्थी अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश ले चुके है। पालकों द्वारा समय पर प्रवेश नहीं ले पाने की स्थिति को देखते हुए शासन के द्वारा यह निर्णय लिया गया है। जिससे सभी पात्र बच्चों को प्रवेश का अवसर मिल सके। एपीसी मोबाइलाइजेशन अभिषेक चैधरी के अनुसार जिले की स्थिति जिले में कुल 1431 बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए थे, जिनमें से अब तक 1295 बच्चों का प्रवेश हो चुका है। जिले का कुल एडमिशन प्रतिशत 90.5 प्रतिशत है, जबकि 136 सीटें अभी शेष हैं।

## अर्जुन कप स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में बनी मुंगावली के वार्ड नं. 01 की टीम विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

ज्ञानालय परिवार की ओर से आयोजित अर्जुन कप स्पर्धा के चैथे संस्करण का समापन सेमीफाइनल और फाइनल के साथ समापन हुआ, जिसमें मुंगावली के वार्ड नंबर 1 ने फाइनल अपने नाम किया। अंतिम दिवस पहला सेमीफाइनल कांकर और वार्ड नंबर 01 के मध्य खेला गया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला मानो रोमांच की चरम सीमा था। कांकर की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 129 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान मुलायम यादव की तेजतर्रार पारी और हामिद खान की विस्फोटक बल्लेबाजी ने मैदान में ऊर्जा भर दी। जब वार्ड नंबर 01 लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो शुरुआत निराशाजनक रही। शुरुआती विकेट गिरते ही टीम दबाव में आ गई, मानो जीत दूर होती जा रही हो। लेकिन तभी एक ऐसा क्षण आया, जिसने पूरे मैच की दिशा बदल दी सुंदरम सिकरवार का छूटा हुआ कैच जिसने पूरा मैच ही पलट दिया। जिसके बाद 23 गेंदों में 80 रन की धमाकेदार उनकी नाबाद पारी ने हार के अंधकार को जीत के उजाले में बदल दिया। अंतिम गेंद तक चले इस रोमांचक मुकाबले में वार्ड नंबर 01 ने जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट हासिल किया। वही दूसरा सेमीफाइनल वार्ड नंबर 14 और बरखेड़ा जमाल के बीच खेला गया दूसरा सेमीफाइनल एक लो-स्कोरिंग लेकिन अत्यंत रोमांचक मुकाबला रहा। वार्ड नंबर 14 की टीम 50 रन ही बना सकी, लेकिन उनकी गेंदबाजी ने मैच में जान डाल दी। बरखेड़ा जमाल की ओर से रजनीकांत शर्मा ने अपनी सधी हुई गेंदबाजी से विपक्ष को बांधकर रखा। वहीं लक्ष्य का पीछा करते समय जहीर खान, आशिफ खान और सौरभ रघुवंशी की गेंदबाजी ने मैच को अंतिम ओवर तक खींच दिया अंत में बरखेड़ा जमाल ने धैर्य और संयम के साथ 3 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया फाइनल मैच वार्ड 1 ओर बरखेड़ा जमाल के बीच हुआ जिसमें वार्ड 1 ने जीत कर ट्रॉफी अपने नाम की।

### आकाश सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री संजू सिसोदिया रहे मुख्य अतिथि

अर्जुन कप के फाइनल में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के पुत्र आकाश सिंह राजपूत ओर पूर्व मंत्री संजू सिसोदिया रहे। जिन्होंने टूनामेंट की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के टूनामेंट होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा को आगे आने का मौका देती है जो आगे चलकर जिले ओर प्रदेश में नाम रोशन करती है, उन्होंने ज्ञानलय परिवार की तारीफ करते हुए कहा कि नाइट टूनामेंट कराना अपने आप में बड़ी बात होती है इस टूनामेंट की चर्चा सुनते रहते है औ आज हमें शामिल होने का मौका भी मिला।

### कड़ी मेहनत से सफल होते हैं ऐसे आयोजनः विधायक बृजेंद्र सिंह

समापन पर विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कड़ी मेहनत ही इस तरह के टूनामेंट को सफल बनाते है। ज्ञानालय परिवार के सभी लोगों द्वारा महीनों पहले से इसकी तैयारी शुरू कर दी जाती है, सभी अपने अपने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन भी करते है ज्ञानालय परिवार के केवल एक ही लक्ष्य है कि क्षेत्र में जो प्रतिभा अभाव के चलते सामने नहीं आ पाती उन्हें मौका देना, जिससे वह प्रदेश ओर देश में क्षेत्र का नाम रोशन करे। अर्जुन कप को लेकर लोगों की दीवानगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सेमीफाइनल ओर फाइनल देखने के लिए लोगो हुजूम उमड़ पड़ा।

## महिला बाल विकास विभाग ने नारी सशक्तिकरण को लेकर जागरुकता रैली का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला अशोकनगर द्वारा नारी सशक्तिकरण विषय पर एक वृहद जागरूकता रैली का आयोजन जिला मुख्यालय पर किया गया। यह रैली निर्धारित मार्ग अनुसार माधव भवन से प्रारंभ होकर पुराने बाजार पठार, इंद्रा पार्क होते हुए गांधी पार्क पहुंची, जहां रैली का समापन किया गया। रैली के दौरान महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला शक्ति की सक्रिय भागीदारी रही। प्रतिभागियों ने हाथों में संदेशात्मक तख्तियां लेकर "नारी का सम्मान राष्ट्र का अभिमान" जैसे नारों के माध्यम से समाज को जागरूक किया। रैली का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों का भी सहयोग रहा, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए नारी सशक्तिकरण के इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

**आऊटसोर्स कर्मचारियों की है 17 सूत्रीय मांग**

## भारतीय मजदूर संघ ने रैली व धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




मंगलवार को भारतीय मजदूर संघ के देशव्यापी महा आंदोलन के दौरान अशोकनगर जिले मे आउटसोर्स कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगो को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने अशोकनगर तहसील प्रांगण अशोकनगर में एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन व रैली निकालकर जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अशोकनगर को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री शिशुपाल यादव द्वारा किया गया। विभिन्न विभागों में कार्यरत बाह्य स्त्रोत (आऊटसोर्स) कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण कराने हेतु, कर्मचारी श्रमिक एवं प्रदेश हित में है। ज्ञापन में शामिल होने वालों में वरिष्ठ नागरिक परिषघ के प्रदेश सचिव रामवीर सिंह रघुवंशी बाह्य स्रोत बिजली कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष अजमेर सिंह रघुवंशी जिला उपाध्यक्ष प्रतिराज यादव रामकुमार यादव राहुल रघुवंशी अभिषेक रघुवंशी सुनील शर्मा सतीश रघुवंशी वीरभद्र यादव देवेंद्र केवट गौरव नामदेव राहुल रघुवंशी राजेश कुशवाहा अर्जुन यादव सतपाल यादव यस बेरुआ आसाराम केवट विजय आदिवासी दिनेश रघुवंशी सुरेश रघुवंशी विशाल रघुवंशी संजीव कुशवाहा हरिओम रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

### मांगों के बिन्दु

- प्रदेश के बाह्यस्त्रोत,आउटसोर्स कर्मचारियों हेतु सरकार ठोस नीति बनाकर सामाजिक सुरक्षा एवं उचित वेतन सुनिश्चित किया जाये।
- आऊटसोर्स/ठेका कर्मचारियों से संबंधित श्रम कानूनों का समुचित पालन सुनिश्चित किया जावें। कानूनों का पालन न होने पर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाए।
- आठ घन्टे से अधिक कार्य करने पर अतिरिक्त समय का नियमानुसार भुगतान किया जावें।
- आऊटसोर्स कर्मचारियों को सीधे विभाग/संस्था से वेतन भुगतान की जा कर बिचैलिया प्रथा बन्द की जाए।
- श्रम कानूनों के अनुसार आऊटसोर्स कर्मचारियों का मासिक वेतन प्रत्येक माह की 07 तारीख तक भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही वेतन पर्ची प्रदान की जावे।
- अनुभव के आधार पर वेतन में वृद्धि की जावे एवं अनुभव के आधार संविदा/नियमित भर्ती में नीति बनाकर अवसर प्रदान किये जाए। (जैसे बोनस अंक इत्यादि)
- बिना किसी ठोस कारण एवं जाँच के आऊटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की प्रथापर तत्काल रोक लगाई जाए।
- शिकायत/आरोप की उच्च स्तरीय जाँच के बिना आऊटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त नहीं की जाए।

## बाइक चालक को तेज कार ने मारी टक्कर तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

**ससुराल से लौटते समय हुआ घटित हादसा**

आगासौद रोड स्थित डबल फाटक के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव लौट रहा था। जानकारी के अनुसार बाइक सवार रामगोपाल पिता रामभरोसी अहिरवार उम्र 29 वर्ष निवासी बारधा अपनी ससुराल कालूखेड़ी गांव में करीब एक हफ्ते से रुका हुआ था। ससुराल में साले की शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपनी बाइक क्रमांक एमपी 15 एमएल 8281 से अपने गांव लौट रहा था कि आगासौद रोड पर स्थित डबल फाटक के पास बीना तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 67 सी 7470 के चालक ने तेज और लापरवाही से कार चलाते हुए बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का सिविल अस्पताल में पीएम कराया। पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।